(166)

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गाजियाबाद की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित "जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गाजियाबाद की दिनांक 04.01.2022 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गाजियाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन को जलापूर्ति की योजनाओ की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है। पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 पर निर्णय हेतु "जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन" गाजियाबाद की बैठक दिनांक 04.01.2021 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद–उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद–सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी गाजियाबाद द्वारा नामित अधिकारी–सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद–सदस्य।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद–सदस्य।
6. अधिशासी अभियंता, सिचांई खण्ड प्रथम, गाजियाबाद–सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गाजियाबाद–सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद–सदस्य।
9. जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद–सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता प्रथम निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद–सदस्य सचिव।

अधिशासी अभियंता एंव सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2393/W-22/NIT/2021-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद हेतु पत्र संख्या–LC/BO/Project/Ghaziabad/2021-22/789 Date:27-12-2021 के माध्यम से 08 नग नई एंव 05 नग सेशोधित डी0पी0आर0 कुल 13 नग डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई है। फर्म द्वारा प्रस्तुत 05 नग संशोधित डी0पी0आर0 में से 02 नग डी0पी0आर0 हृदयपुर मण्डौला एंव मसौता पूर्व में ही एस0एल0एस0सी0 से स्वीकृत हो चुकी है तथा खरजीवनपुर खिमावती पेयजल योजना की डी0पी0आर0 अपूर्ण है। इस प्रकार अवशेष 08 नग नई एंव 02 नग संशोधित कुल 10 नग डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच करने के उपरान्त तकनीकी रूप से अर्ह पाया गया है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सैंटज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार Ultimate Design Year के लिये योजना हेतु Per Capita Cost की दर रू 6000.00 निर्धारित की गई है तथा उक्त आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है। जॉच उपरान्त प्रस्तुत 10 नग डी0पी0आर0की Per Capita Cost डिजाईन वर्ष 2052 हेतु रू0 6000 से कम है। मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्रविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0लाख) | सैंन्टेज (रू0लाख) | कुल लागत (रू0 लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | नई परियोजनाएं | | | | |
| 1 | बखरवा विद्यापुर | भोजपुर | 2 | 1560 | 14916 | 420.28 | 46.91 | 467.19 | 2818 |
| 2 | अबलपुर जोया | भोजपुर | 2 | 263 | 3381 | 202.32 | 22.58 | 224.90 | 5984 |
| 3 | धारीपुर | लोनी | 1 | 294 | 3619 | 174.75 | 19.50 | 194.25 | 4829 |
| 4 | अगरोला | लोनी | 1 | 840 | 9077 | 247.23 | 27.59 | 274.82 | 2724 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | लुतफुल्लापुर नवादा | लोनी | 1 | 240 | 2465 | 147.82 | 16.50 | 164.32 | 5997 |
| 6 | असालत नगर | मुरादनगर | 1 | 1032 | 9865 | 316.23 | 35.29 | 351.52 | 3206 |
| 7 | बसंतपुर सैथली | मुरादनगर | 1 | 1314 | 12516 | 269.87 | 30.12 | 299.99 | 2156 |
| 8 | फिरोजपुर कैथवाडी डबाना | मुरादनगर | 3 | 752 | 8147 | 313.89 | 35.03 | 348.92 | 3853 |
| | | | | संशोधित परियोजनाए | | | | | |
| 1 | भिक्कनपुर | रजापुर | 1 | 1076 | 9772 | 360.01 | 40.18 | 400.19 | 3684 |
| 2 | दीनानाथपुर पूठी | रजापुर | 1 | 668 | 6024 | 227.52 | 25.39 | 252.91 | 3777 |

उपरोक्त समस्त 10 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योंजनाओं की डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण शासनादेश संख्या–51/2021/1883/छिहत्तर–1–2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 के बिन्दु सं0 12 के अनुसार उपरोक्त समस्त 10 नग योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान की गई है। मुख्य अभियंता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा तकनीकी रूप से स्वीकृत उपरोक्त समस्त 10 नग योजनाओं की डी0पी0आर0 की प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–36/2021/1599/छिहत्तर–1–2021–25सम/2019 दिनांक 08.07.2021 के बिन्दु सं0–2 के अनुसार जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन, गाजियाबाद द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान की गई तथा उक्त 10 नग योजनाओं की डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने हेतु निर्णय लिया गया।

4/1/2022
अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गाजियाबाद
सदस्य सचिव।

जिला सूचना एंव
जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद
सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गाजियाबाद सदस्य।

04/01/2022
अधिशासी अभियंता सिचांई,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

4/1/2022
जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

04.1.2022
प्रभागीय वनाधिकारी
गाजियाबाद सदस्य।

जिला विकास अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद, उपाध्यक्ष।

जिलाधिकारी
गाजियाबाद अध्यक्ष

**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गाजियाबाद।**